# बीईएमएल में स्वच्छता पखवाड़ा 2018

बीईएमएल लिमिटेड, जो भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के तहत एक मिनी रत्न सार्वजनिक उपक्रम है, ने 1 दिसंबर 2018 से 15 दिसंबर 2018 तक कोलार गोल्ड फील्ड में एक गांव को स्वीकार करने सहित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय, विनिर्माण कॉम्प्लेक्सों और देश भर स्थित अपने कार्यालयों में 'स्वच्छता पखवाड़ा 2018' का अनुपालन किया है।

15 दिनों के कार्यक्रमों में टाउनशिप, कार्यालयों, परिसरों, स्कूलों और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान शामिल थे, जिसमें मच्छरों की रोकथाम, अपशिष्ट का पृथक्करण, जल निकासी की सफाई आदि जैसे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम सम्मिलित थे।

जागरूकता उत्पन्न करने और स्वच्छता को विशेष रूप से युवा पीढ़ी के बीच बढ़ावा देने के लिए, स्वच्छता के महत्व पर पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिताओं, मार्च पास्ट और मिनी मैराथन, बैनरों का प्रदर्शन और संगोष्ठियों का आयोजन किया गया, जिसमें कंपनी के कार्यपालकों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों और स्कूल के बच्चों को शामिल करवाया गया।



*सीएमडी श्री दीपक कुमार होता और कर्मचारियों ने स्वच्छता पर शपथ ग्रहण किया*




*मैसूर में स्वच्छता शोभायात्रा*



*मैसूर में सफाई अभियान*



*पालक्काड़ में मलबे की सफाई*




*पौधारोपण – पालक्काड़*

साफ-सफाई पर द्वार-दर-द्वार अभियान, पेड़-पौधे का वृक्षारोपण, स्वच्छ पर्यावरण का प्रचार, स्वच्छता का अनुरक्षण और प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करना आदि जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। उपरोक्त घटनाओं में बड़ी संख्या में कार्यपालकों, कर्मचारियों, स्कूल के बच्चों और परिवार के सदस्यों ने भाग लिया है।

एक नीति के रूप में बीईएमएल ने अपने सभी प्रतिष्ठानों में प्लास्टिक की पानी की बोतलों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

बेंगलूर

बीईएमएल लिमिटेड द्वारा मीडिया रिलीस

15.12.2018

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें :
एस. रमानंद
सहायक महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट संचार)
बीईएमएल लिमिटेड
23/1, चौथा मेन, एस.आर. नगर,
बेंगलूर - 560 027
दूरभाष : 080-22224457
मोबाइल : +91 97 413 51582